श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
बी-४, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-११००१६

दिनांक:-05.11.2020

क्रमांक:एफ-3/44/LBSNSU/2016-17/290/12672

कार्यालय आदेश (5)

विषय:- शैक्षणिक सत्र 2020-21 में प्रवेश हेतु छात्रों द्वारा आनलाईन माध्यम से शुल्क जमा करने हेतु तिथि बढ़ाने के संदर्भ में।

कार्यालय आदेश संख्या एफ-3-44/ल.ब.शा./2020-21 दिनांक 21.10.2020 के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2020-21 में शास्त्री/बी.ए योग, आर्चाय/एम.ए योग (प्रथम वर्ष) में प्रवेश हेतु तथा शास्त्री/बी.ए योग (द्वितीय एवं तृतीय वर्ष), आर्चाय/एम.ए योग (द्वितीय वर्ष), विशिष्टाचार्य तथा अंशकालीन पाठ्यक्रम में प्रोन्नत छात्रों को आगामी सेमेस्टर में प्रवेश हेतु निर्धारित प्रवेश शुल्क आनलाईन माध्यम से जमा करने हेतु पुनः दिनांक 15.10.2020 से 28.10.2020 तक बढ़ाई गई थी।

परन्तु कोविड 19 से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण जो छात्र किन्हीं कारणों से आनलाईन माध्यम से अपना प्रवेश शुल्क जमा नहीं करवा सके, छात्रहित को ध्यान में रखते हुए उन्हें पुनः सूचित किया जाता है कि आनलाईन माध्यम से प्रवेश शुल्क जमा करवाने की अंतिम तिथि 10.11.2020 तक बढाई जाती है। आनलाईन माध्यम से शुल्क जमा करवाने का लिंक विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर तथा छात्रों को उनके मोबाइल नंबर पर एस.एम.एस/व्हाट्सएप्प द्वारा सूचित किया जा चुका है। अतः संबंधित छात्र निर्धारित तिथि में अपना प्रवेश शुल्क जमा करवाने का कष्ट करें। ताकि कक्षा अनुसार प्रविष्ट छात्रों की सूची तैयार कर अग्रिम कार्यवाही हेतु सभी विभागों को प्रेषित की जा सके।

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

प्रतिलिपिः-

1. समस्त संकाय प्रमुख एवं विभागाध्यक्ष
2. उपकुलसचिव (परीक्षा एवं शैक्षणिक)
3. उपकुलसचिव (लेखा)
4. संगणक विभाग को इस आशय से प्रेषित कि वह उक्त सूचना को वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
5. कुलपति एवं कुलसचिव के निजि सचिव

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)